न्यूज डायरी

राजभवन में पौधारोपण करते राज्यपाल डा. अजीज कुरैशी।

महामहिम ने किया पौधारोपण

देहरादून। हरित अभियान के तहत राज्यपाल डा. अजीज कुरैशी ने शनिवार को राजभवन में पौधारोपण किया। राज्यपाल के निर्देश पर उद्यान विभाग ने राजभवन परिसर और चहारदीवारी में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। राज्यपाल ने फलदार वृक्षों में रोज सेंटेड प्रजाति की लीची के चार पौधे रोपे। राज्यपाल ने कहा कि पौधारोपण प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

ग्राफिक एरा में कार्यशाला कल से

देहरादून। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में चार अगस्त को मैनेजमेंट पर कार्यशाला शुरू होगी। छह दिन चलने वाली कार्यशाला में उद्योग जगत में प्रबंधन गुरु के रूप में विख्यात कई विशेषज्ञ, मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के एचओडी डा. विशाल सागर ने बताया कि कार्यशाला में बहुराष्ट्रीय कंपनी इनवेंटिव हेल्थ क्लीनिकल की एशिया पैसिफिक के की निदेशक (एचआर) मोना पुरी शुभारंभ करेंगी। इन्स्पैशन टू परफॉरमेंस नाम से आयोजित कार्यशाला में ओएनजीसी, भारती एयरटेल, पीएचडी चैम्बर, ग्रीन अर्थ एलायन्स, सीआईआई के वरिष्ठ पदाधिकारी मैनेजमेंट में बेहतर प्रदर्शन के गुर सिखाएंगे।

सेमिनार का आयोजन

देहरादून। आईएमएस यूनिसन विवि के स्कूल ऑफ लॉ में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रो. रितुराज सिन्हा ने थिंक राइट एंड सिग्नल द रोड टू एवॉयड प्लेजरिज्म विषय पर प्रकाश डाला। चर्चा में प्रो. शोएब मोहम्मद, प्रो. शालिनी सक्सेना प्रो. सुखविंदर सिंह, डा. लीना पुंडीर, प्रो. हर्षित अग्रवाल, लॉ के एचओडी प्रो. एमके भंडारी भी मौजूद रहे।

विज्ञान प्रतियोगिता में प्रगति प्रथम

देहरादून। जीआईसी सेलाकुई में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और एससीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों की विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार ने किया। सतत भविष्य के लिए कृषि में नव प्रवर्तन विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सहसपुर के ब्लॉक समन्वयक डा. बीपी पुष्पकर, प्राचार्य एचएस नेगी, जिला समन्वयक एसएस रावत, पीके शर्मा, बीएन शर्मा, एसके ठाकुर आदि ने अपने विचार रखे। संगोष्ठी में 17 स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसपुर की कक्षा नौ की छात्रा प्रगति ने प्रथम और जीआईसी गजियावाला की किरन भारती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पर्यावरण जागरूकता पर चर्चा

देहरादून। सेफरन एंड येलो सोसाइटी की ओर से हिल ग्रीन पब्लिक स्कूल अंबीवाला में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्य मोहित सकलानी ने स्मार्ट क्लास के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता पर चर्चा की। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आशीष ने प्रथम, आरती ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था की अध्यक्ष सोनल राणा, एसडीओ देहरादून गुलवीर सिंह, आशाराईडी रेंजर बीसी केष्टवाल आदि मौजूद रहे।

डीएम को भेजा पत्र

देहरादून। महादेवी कन्या पाठशाला कालेज के अवैतनिक सचिव जितेंद्र नेगी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजते हुए कहा है कि रविवार को सीट निर्धारण के लिए होने वाली गढ़वाल विवि के निरीक्षण में प्रबंधन के पदाधिकारियों को भी विश्वास में लिया जाए। उन्होंने कहा है कि यदि इस निरीक्षण से छात्राओं का नुकसान होता है तो इसके लिए कालेज के नियंत्रक डीएम और प्राचार्य जिम्मेदार होंगे।

समझाई निवेश की बारीकियां

देहरादून। नॉर्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (एनआईआरसी आईसीएसआई)और सेबी देहरादून की ओर से शनिवार को सेमिनार कराया गया। सेबी देहरादून कार्यालय के असिस्टेंट मैनेजर प्रशांत सैनी और एनआईआरसी आईसीएसआई देहरादून चेयरमैन एचपी व्यास ने बताया कि शेयर बाजार में क्या रिस्क है। किस तरह निवेश फायदे का सौदा साबित हो सकता है। उन्होंने निवेशकों को आरबीआई, सेबी के नियमों की भी जानकारी दी। निवेश से जुड़े मामले में शिकायत की भी जानकारी दी गई।

सीएम से की मुलाकात

देहरादून। कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बालादत्त तिवारी ने मुख्यमंत्री से मिलकर ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत आजीविका विकास परियोजना में संविदा पर कार्यरत वाहन चालक, सहायक, सुरक्षा कर्मी के मानदेय की समस्या से अवगत कराया। कहा कि इन्हें आउटसोर्सिंग से लेने पर मानदेय कम हो जाएगा। सीएम ने इनके और रमसा में आउसोर्सिंग से नियुक्त कर्मचारियों के मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शोक संवेदना जताई

देहरादून। भाजपा के प्रदेश कार्यालय प्रमुख उर्बादत्त भट्ट के पिता धर्मानंद भट्ट (76) के आकस्मिक निधन पर प्रदेश अध्यक्ष तीरथ सिंह रावत, सांसद बीसी खंडूरी, भगत सिंह कोश्यारी, डा. रमेश पोखरियाल निशंक, नेता प्रतिपक्ष अजय भट्ट, राष्ट्रीय सचिव त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री (संगठन) संजय कुमार आदि शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा मांगपत्र

देहरादून। राष्ट्रीय सामाजिक न्याय कृति मंच 17 अगस्त को मुख्यमंत्री का अभिनंदन करेगा। शनिवार को निरंजनपुर सब्जी मंडी समिति के कमेटी हाल में मंच की बैठक में यह फैसला लिया गया। मंच के राष्ट्रीय चेयरमैन नानक चंद ने कहा कि मुख्यमंत्री हरीश रावत को आरक्षण एवं प्रमोशन कमेटी के भवन की आवंटित भूमि सहित अन्य मुद्दों पर मांगपत्र सौंपा जाएगा। बैठक में राजेश गिल, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

शोक समाचार



जन्म- 10/11/1955
स्वर्गवास- 23/07/2014

॥ शोक सन्देश ॥

मान्यवर अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री पूरन सिंह पाल पुत्र स्व. श्री झण्डू सिंह पाल जी का स्वर्गवास बुधवार सुबह 23.07.2014 को हो गया है। प्रभू की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं सोमवार दि. 04.08.2014 को सुबह 11 बजे एवं रश्म पगड़ी दोपहर 3 बजे हमारे निवास स्थान माजरी ग्रान्ट पर सम्पन्न होगी। अतः आप तेरहवीं (पितृभोज) व रश्म पगड़ी में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शान्ति के लिए प्रार्थना करें।

शोकाकुल परिवार:-
विशाल पाल (पुत्र)
दिनेश कुमार (भाई)
निशान्त, आयुश (भतीजे)
एवं समस्त पाल परिवार

निवास:- ग्राम व पो. माजरी ग्रान्ट डोईवाला, देहरादून,
मो.- 9897037994, 8650928192, 9412937941

शहर के हर दफ्तर में काम बंद, गूंजे नारे

'लड़ाई' को तैयार संग्रह अमीन

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। राजस्व संग्रह अमीनों ने आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है। शनिवार दूसरे दिन भी संग्रह अमीनों ने परेड ग्राउंड में धरना-प्रदर्शन किया। प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र सजवाण ने कहा कि सरकार ने 15 अगस्त तक यदि मांगों पर अमल न किया तो संग्रह अमीन क्रमिक अनशन और इसके बाद मुख्यमंत्री आवास घिराव को बाध्य होंगे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एनटी के पद पर छह फीसदी प्रमोशन के कोटे का कैबिनेट में प्रस्ताव दिसंबर 2013 में पास हुआ, लेकिन अब तक शासनादेश लटका है। जबकि ग्रेड पे में बढ़ोत्तरी की मांग की भी अनदेखी की जा रही है। संग्रह अमीनों को वर्षों से दो हजार रुपये ग्रेड पे दिया जा रहा है। प्रदर्शन में प्रांतीय अध्यक्ष उदयवीर रावत, प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र सजवाण, अजय पांडे, गुरु प्रसाद बहुगुणा, सूरत सिंह पंवार, शांति लाल आदि शामिल रहे।

परेड ग्राउंड में धरना देते राजस्व संग्रह अमीन संघ से जुड़े कर्मचारी।

हड़ताल से राजस्व वसूली प्रभावित

संग्रह अमीनों की हड़ताल से हर रोज एक करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इलेक्शन और कलेक्शन दोनों कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संग्रह अमीनों की बीएलओ और दैवी आपदा कार्य में भी ड्यूटी लगाई गई है।

शिक्षा निदेशालय में आउट सोर्सिंग कार्मिक संघ का प्रदर्शन

देहरादून। आउट सोर्सिंग कार्मिक संघ ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन किया। कहा कि मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही उनकी मांगों पर अमल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक मांगों पर फैसला नहीं लिया गया। रमसा में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त लैब और कार्यालय सहायकों ने कहा कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग से नियुक्त कर्मचारियों की उपनल और पीआरडी के माध्यम से नियुक्त होनी थी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे, लेकिन लैब और कार्यालय सहायक पिछले चार महीने से बेरोजगार हैं। कई बार अधिकारियों से मिलने के बावजूद उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। धरने पर अध्यक्ष सुभाष लखेड़ा, महामंत्री आनंद बडोनी, योगेंद्र बडोनी, वीपी सती आदि शामिल थे। *ब्यूरो*

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले धरना देते ओएनजीसी हास्पिटल से निकाले गए संविदा कर्मचारी।

सचिवालय घेराव का ऐलान

देहरादून। राजकीयकरण की मांग पर धरने पर बैठे जल संस्थान कर्मचारियों ने 11 अगस्त को सचिवालय कूच करने की घोषणा की है। इससे पहले विधायकों का भी घेराव होगा। नेहरू कालोनी स्थित जल भवन में उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शनकारियों का धरना शनिवार को 9वें दिन भी जारी रहा। संघ के प्रदेश महासचिव गजेंद्र कपिल ने कहा कि सरकार मांगों को नजर अंदाज कर रही है। कर्मचारी पहले अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों का घेराव कर ज्ञापन देंगे। 10 अगस्त तक कार्रवाई न होने पर सचिवालय तक महारैली निकालेंगे। धरने में श्याम सिंह नेगी, रमेश बिंजोला, शिमला देवी, पुष्पा भट्ट, गायत्री काला, माया देवी, रामेश्वरी आदि बैठे। *ब्यूरो*

संविदा शिक्षकों का कैंडल मार्च

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। सेवा विस्तार और मानदेय बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर परेड ग्राउंड में आमरण अनशन पर बैठे पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों ने शनिवार को कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र मांगे न मानी गई तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक सोसायटी लंबित मांगों को लेकर चल रहा आमरण अनशन शनिवार पांचवें दिन भी जारी रहा। शनिवार संविदा शिक्षकों ने परेड ग्राउंड से कनक चौक, सर्वे चौक, तिब्बती बाजार होते हुए वापस परेड ग्राउंड तक कैंडल मार्च निकाला। संगठन के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाने की बात कर रहे हैं, जब तक ठोस आश्वासन नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा। धरना देने वालों में पूनम, महेश पाल, संदीप, पंकज, निधि, श्वेता, दिव्या, नरेश आदि शामिल थे।

अल्टीमेटम देकर टाली हड़ताल

सीएम के आश्वासन पर माने महाविद्यालयों के शिक्षक-कर्मचारी

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। कार्य बहिष्कार कर रहे अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सीएम के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया है।

एससीईआरटी और एमकेपी में विधायक राजकुमार ने आंदोलन खत्म कराया। एक दिन पहले शिक्षक सीएम हरीश रावत से मिले थे। सीएम ने मांगें उच्च शिक्षा मंत्री इंदिरा हृदयेश को फॉरवर्ड कर दी हैं। विधायक राजकुमार ने कहा कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीर है। जल्द समाधान निकाला जाएगा। महाविद्यालय शिक्षक से उपर भी जिला प्रशासन के अधिकारी शिक्षकों, डीबीएस बंद होने से शिक्षक नहीं पहुंच पाए, लेकिन आंदोलन स्थगन की पुष्टि की। ग्रुटा महासचिव डा. डीके त्यागी ने कहा कि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो दोबारा आंदोलन होगा। शिक्षक और कर्मचारी बायोमैट्रिक सिस्टम के विरोध और अन्य मांगों पर आंदोलनरत थे।

एससीईआरटी में शिक्षकों-कर्मचारियों से वार्ता करते विधायक राजकुमार।

यूपी ने गुल की उत्तराखंड की बत्ती

लाइनों में लोड बढ़ने पर यूपी की रिहंद-दादरी में लिया गया शटडाउन

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तर प्रदेश में लिए गए शटडाउन ने उत्तराखंड की बत्ती गुल कर दी। शनिवार को उत्तर प्रदेश में रिहंद और दादरी परियोजनाओं के जलविद्युत गृहों की मशीनों में शटडाउन लिया गया। यूपी के विभिन्न जिलों में बिजली लाइनों पर लोड बढ़ने के बाद पावर हाउसों को नुकसान से बचाने के लिए यह निर्णय किया गया था। इससे केंद्रीय पूल से उत्तराखंड को 60 मेगावाट बिजली नहीं मिली। ऐसे में पहले से बिजली की कमी से जूझ रहे प्रदेश में एक से चार घंटे तक की कटौती करनी पड़ी। इससे दिनभर राज्य में लोग परेशान रहे, उद्योगों पर भी असर पड़ा। उधर, उत्तराखंड की जलविद्युत परियोजनाओं से विद्युत उत्पादन शनिवार को और गिरकर शुक्रवार के मुकाबले आधा रह गया। शुक्रवार को तीन परियोजनाओं से करीब 11.47 मिलियन यूनिट बिजली मिली थी, जो शनिवार को सिर्फ 8.48 मिलियन यूनिट रही।

ये परियोजनाएं बंद

- मनेरी भाली दो, कालागढ़, मनेरी भाली एक, खटीमा (दोपहर ढाई बजे बंद हुई)
- ढकरानी, ढालीपुर और कुल्हाल में दोपहर 12:30 से 03:30 तक उत्पादन बंद रहा

प्रदेश के विद्युतगृहों में उत्पादन कम होने के कारण बिजली कटौती करनी पड़ रही है। हिमाचल से शनिवार को भी 25 लाख यूनिट बिजली खरीदी गई है। रविवार के लिए भी वहां से 75 लाख की खरीद की जा रही है।

-मधुसूदन, प्रवक्ता, ऊर्जा निगम

तार से टकराए कौए ने उड़ाया बिजली का फ्यूज

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। तारों से टकराए कौए ने कारगी और आसपास के क्षेत्रों में एक घंटे तक बत्ती गुल कर दी।

शनिवार शाम साढ़े सात बजे कारगी चौक के पास तेज धमाके के साथ तारों से चिंगारियां निकली। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। ऊर्जा कर्मी मौके पर पहुंचे, आधे घंटे बाद खेतों में फाल्ट मिला। तार के नीचे कौआ मरा हुआ था। इसके बाद मरम्मत शुरू हुई। इस दौरान एक घंटे तक कारगी चौक, हरिद्वार बाईपास, देहराखास, टीएचडीसी कालोनी, शिवालिक इनक्लेव, अपर कारगी, बंजारावाला में बिजली गुल रही। जेई अनुज ने बताया कि तार में कौआ टकराने से फाल्ट आया था, जिसे ठीक कर लिया गया है।

दूसरी ओर, निरंजनपुर सब स्टेशन से जुड़े ग्रीन पार्क, चमन विहार, जीएमएस रोड, सेवला कलां, संगम, व्योमप्रस्थ, अलकनंदा इनक्लेव, काली मंदिर इनक्लेव, पुष्पांजलि, शक्ति विहार, निरंजनपुर, चक्की टोला में सुबह दस से दोपहर दो बजे तक मरम्मत के चलते बत्ती गुल रही। सोमवार को भी इन क्षेत्रों में मरम्मत के कारण चार घंटे की कटौती रहेगी।

न्यूज डायरी

महिलाओं के लिए खुला शोरूम

देहरादून। नेहरू कालोनी में शनिवार को लेडीज गारमेंट्स शोरूम 'सरला' का उद्घाटन किया गया। महिला उद्यमी सरिता चौहान और जगमोहन चौहान ने कहा कि यहां कपड़ों के अतिरिक्त आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी उपलब्ध होगी। सरिता ने बताया कि हमारा लक्ष्य आज की जरूरत के मुताबिक हर वर्ग की महिलाओं के किफायती कपड़े और ज्वेलरी उपलब्ध कराना है।

पार्षद पर अनदेखी का आरोप लगाया

देहरादून। पश्चिम पटेलनगर के बाशिंदों ने शनिवार को पार्षद अनीता सिंह से मुलाकात कर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। लोगों ने पार्षद पर क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान न देने का आरोप भी लगाया। लोगों के मुताबिक चुनाव जीतने के बाद पार्षद अनीता सिंह क्षेत्र में नजर नहीं आती है। क्षेत्र में सड़कें बनने के साथ टूट चुकी हैं, लेकिन मरम्मत नहीं कराई जा रही है। क्षेत्र में बिजली के पोल टूट पड़े हैं।

सीएम से मिलकर समस्याएं बताईं

देहरादून। ईसाई समुदाय का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना की अगुवाई में मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया।

जरूरतमंदों को जीरो और चहेतों को दो-दो

मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में चल रही बंदरबांट

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में बंदरबांट चल रही है। मदद के लिए गुहार लगा रहे जरूरतमंदों की कोई सुनवाई नहीं हो रही, जबकि चहेतों को दो-दो चेक जारी किए जा रहे हैं।

कोष से न्यू शिवालिक की रहने वाली ऋतिका और गंगोत्री विहार की सारिका के नाम भी दस-दस हजार के दो-दो चेक जारी हुए हैं। अलग-अलग नंबरों के इन चेकों को एक ही समय में जारी किया गया है। दोनों चेक तहसील पहुंचे, लेकिन जांच के बाद इन्हें रोक दिया गया। खुद को विधायक का पीए बताकर एक व्यक्ति ने तहसीलकर्मियों पर चेक की रकम जारी करने का दबाव बनाने की कोशिश की। लेकिन अधिकारियों ने एक चेक वापस करवा दिया। इस संबंध में कार्यवाहक तहसीलदार मनवर सिंह कंडारी का कहना है कि एक वित्तीय वर्ष में सिर्फ एक ही चेक जारी हो सकता है।

ऑडी की पावर और लग्जरी ने किया दीवाना

ऑडी ने शनिवार को राजधानी में क्यू सीरीज एसयूवी लांच की। इस दौरान नकरौंदा में ऑफ रोड ट्रैक बनाकर क्यू सीरीज की कारों की बेजोड़ मजबूती और सस्पेंशन भी प्रदर्शित किया गया। ऑडी देहरादून के प्रबंध निदेशक अमरीश ओबराय ने बताया कि लगभग सौ लोगों ने ऑडी क्यू सीरीज की टेस्ट ड्राइव ली। इस दौरान उन्हें ऑडी के पावरफुल इंजन के बारे में बताया गया।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दौरे पर आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन, ब्लड बैंक का किया उद्घाटन

विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी ऋषिकेश एम्स में

अमर उजाला ब्यूरो

ऋषिकेश। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार ने देश में 12 नए एम्स बनाने का निर्णय लिया है। कहा कि ऋषिकेश एम्स को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस किया जाएगा। कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन तक एम्स का निर्माण पूरा हो जाएगा।

शनिवार को डा. हर्षवर्धन एम्स पहुंचे। बताया कि एम्स में किडनी ट्रांस्प्लांटेशन, कैंसर, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलाजी आदि आधुनिक सुविधाओं के लिए 100-100 बैड के नए विभाग जल्द खोले जाएंगे। 100 बेड के आयुष का एक्सक्लूसिव डिपार्टमेंट स्थापित करने की बात कही, जिसमें आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग को शामिल कर रिसर्च/ उपचार सेवाएं दी जाएंगी। निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज को स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, मंत्री डा. हरक सिंह रावत आदि मौजूद थे।

एम्स में ब्लड बैंक का उद्घाटन करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन।

यह हैं एम्स परियोजना में विलंब के कारण

- निर्माण में जुटी तीन एजेंसियों का चयन केंद्र ने किया है। एम्स प्रशासन की मानें तो एजेंसियां गुणवत्ता और टाइम बांड पर कार्य नहीं कर पा रही हैं।
- दो साल से एक्सटेंशन नहीं हुआ है, योजना का अभी तक लगभग 60 फीसदी कार्य हुआ है
- एम्स के विस्तारीकरण के लिए राज्य सरकार से 100 एकड़ भूमि नहीं मिल पा रही, फोरलेन सड़क का प्रस्ताव तीन साल से शासन में लंबित है।

डॉक्टरों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखे मुद्दे

देहरादून। डॉ. हर्षवर्धन शुक्रवार रात डॉ. जगदेव चड्ढा के डालनवाला स्थित आवास पर पहुंचे। वहां आयोजित डिनर के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पदाधिकारियों ने क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन की मांग की है। कहा कि अस्पतालों की जांच करने वाला चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ा अधिकारी ही हो। डॉ. हर्षवर्धन ने आश्वासन दिया कि जरूरी हुआ तो इसमें संशोधन किया जा सकता है, फिलहाल एक्ट को लागू करना जरूरी है। अध्यक्ष डॉ. कुलदीप दत्ता ने इसकी पुष्टि की है। **उधर, शनिवार को प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ ने** मंत्री से मुलाकात कर मांग की कि सिविल सर्विसेज की तरह इंडियन मेडिकल सर्विसेज (आईएमएस) की भर्ती की जाए। पूर्व अध्यक्ष डॉ. बीसी रमोला ने बताया कि पैरामेडिकल कोर्स कराकर छात्रों को ट्रेनिंग देने की मांग की गई ताकि आपदा के वक्त इन छात्रों को भेजें। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष डॉ. बीएस जंगपांगी, महासचिव डॉ. एसके गोस्वामी और पूर्व अध्यक्ष डॉ. बीसी रमोला आदि शामिल थे। उधर, **भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ परवादून** के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की। नीरज सिंघल, अजय गुप्ता, गजेंद्र चौहान, दीपक सोम, बबीता आदि मौजूद रहे। *ब्यूरो*

कार्यकर्ताओं को घुट्टी पिला गए डा. साहब

देहरादून। डा. हर्षवर्धन भाजपा कार्यकर्ताओं को कोई राजनैतिक घुट्टी पिलाने प्रदेश कार्यालय नहीं पहुंचे। उनका पत्नी नूतन के साथ जोरदार स्वागत किया गया। डा. हर्षवर्धन का पूरा संबोधन पार्टी लाइन से हटकर रहा। उन्होंने आह्वान किया कि जिस तरह पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संघ परिवार की मदद ली थी ठीक उसी तरह एक बार फिर देश में स्वास्थ्य के बड़े जनांदोलन के लिए तैयार रहें। बताया कि सरकार हेल्थ बीमा, 75 प्रतिशत लोगों का निःशुल्क और कम रेट पर इलाज व दवाएं उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच की आवश्यकता भी नहीं रहेगी। *ब्यूरो*

आज रामदेव से मिलेंगे डा. हर्षवर्धन

डा. हर्षवर्धन रविवार को योग गुरु बाबा रामदेव से पतंजलि योग पीठ में मिलेंगे। उनका कहना है कि योग और आयुष को किस तरह चिकित्सा का हिस्सा बनाया जाए इस पर चर्चा होगी। डा. हर्षवर्धन का कहना है कि बदले खानपान और लाइफ स्टाइल में तमाम बीमारियों को यूं ही रोका जा सकता है। इसमें हमारी प्राचीन पद्धतियों और योग बेहद कारगर हैं।